Nai Dunia (Indore), 28th February2020, *City Live*, Page-19

# चंद्रयान के वैज्ञानिक आज आएंगे शहर

इंदौर। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस शुक्रवार को मनाया जा रहा है। इस दिन शहर के प्रमुख तकनीकी संस्थान भी विभिन्न आयोजन कर रहे हैं। राजा रमन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केंद्र (आरआरकेट) में 'विज्ञान में महिलाओं का योगदान' विषय पर कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में शहर के स्कूलों के 1200 विद्यार्थी और शिक्षक शामिल होंगे। 60 दिव्यांग बच्चे भी विज्ञान से संबंधित विषयों की जानकारी लेंगे। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, इंदौर में इंदौर और महू के सरकारी स्कूलों के 70 विद्यार्थियों को रासायनिक, वैज्ञानिक और अन्य विषयों की जानकारी दी जाएगी। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर आईपीएस एकेडमी में साइंस क्विज काम्पीटिशन का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इसरो के चंद्रयान अभियान साइंटिस्ट रहे डॉ. राजमल जैन होंगे।